Rotary DISTRICT 3100

UNITE FOR GOOD




ORION

# GOVERNOR'S MONTHLY LETTER
# ORION *pulse*

JULY 2025

## CRAFTING TOMORROW'S VISION



Rtn. Francesco Arezzo
R.I. President



Rtn. CA Nitin Kr. Agarwal
District Governor

Rotary DISTRICT 3100

# CHANGE THE GUARDS

Rotary DISTRICT 3100

THE MAGIC OF ROTARY

UNITE FOR GOOD



Rtn. Deepa Khanna & Rtn. Anil Khanna
District Governor & First Gentleman
Rotary International District 3100
**Rotary Year 2024-2025**



Rtn. Nitin K. Agarwal & Rtn. Preity Agarwal
District Governor & First Lady
Rotary International District 3100
**Rotary Year 2025-2026**



# ORION PULSE – EDITORIAL MESSAGE

*"हर कहानी खास होती है – बस उसे कहने का अंदाज चाहिए।"*

GML – Orion Pulse is not just a newsletter — it is the echo of your efforts] the mirror of your passion and the voice of District 3100's collective heart -

## Reporting कैसे करें? | Let's Make It Easy & Exciting!

Target: 100% Digitization

ओरायन वर्ष में GML की अधिकांश सामग्री **RI Zone 4,5,6&7 App** से ही ली जायेगी।

अतः क्लब की सारी गतिविधियाँ इस App में **हर महीने की 5 तारीख तक Upload करें।**

- Activity Title + Short Summary (2–3 lines)
- 2–3 Clear Photos
- Tags: (Ex. Area of Focus, Service, Fellowship, Rotaract, Interact, Youth)

आपको अलग से कुछ नहीं करना है बस RI Zone4,5,6 & 7 App पर अपनी गतिविधियां बराबर अपलोड कीजियेऔर हम उसे पूरे मंडल के साथ बाँटेंगे।

## HAVE A STORY/JUST SHARE IT!

आपके पास कुछ खास है? कोई प्रेरक अनुभव, कोई यादगार Fellowship, कोई विशेष जानकारी—तो उसे लिखिए, फोटो भेजिए...

GML is here to deliver your story to the world-

*आप भेज सकते हैं :*

Unique Rotary News & Activities

Experience Sharing, Reflection

Artworks, Poems, Articles, Paintings

Partners' Perspective or Youth Viewpoints

Lifestyle Articles – Health, Wellness, Travel, Food, Fitness, Personal Growth

Email करें : orionpulse3100@gmail.com

## WHY GML MATTERS :

Branding of your club – GML आपकी पहचान बनेगा

Documentation of service – सेवा का रिकश्वर्ड

District & wide inspiration – एक क्लब की कहानी, सैकड़ों क्लबों की प्रेरणा

Showcase of talent & creativity – लेखन, कला, अनुभव सबको मिलेगा सम्मान

"अगर आपकी कहानी दिल से निकली है, तो यकीन मानिए ये GML के पन्ने उसे दुनिया तक पहुँचाएंगे।"


## संपादकीय टीम | EDITORIAL BOARD


Richa Singh Rana


Ritu Agarwal


Suman Chaudhary


Sudha Chaudhary


Neera Sharma


Trapti Mittal


***Let's share- Let's shine- Let's inspire -***
***Powered by Team Orion | Unite for Good***

# FRANCESCO AREZZO

## President, Rotary International – 2025-26 Rotary Club of Ragusa, Italy



A man of vision, heritage, and grace, **Francesco Arezzo** ascends as the Rotary International President for the year 2025-26. A dedicated Rotarian for over three decades, Francesco hails from the historic **Rotary Club of Ragusa**, nestled in the culturally rich lands of **Italy**.

Professionally, he is a distinguished **orthodontist**, actively engaged with esteemed associations across Italy, Europe, and the United States. His leadership transcends his profession, as he also serves as **Vice President of the National Association of Italian Dentists** in the province of Ragusa. His commitment to heritage and preservation is reflected through his foundational work with the **National Trust for Italy**, where he led the Ragusa chapter for seven years.

Francesco's deep-rooted values are further reflected in his investiture as a **Knight of Honor and Devotion in Obedience within the Sovereign Order of Malta**—a testament to his life of service, discipline, and devotion.

Within Rotary, his journey is adorned with significant contributions — from serving as **RI Director**, **Vice Chair of the Joint Strategic Planning Committee**, and **Presidential Representative**, to leading the **Rotary International Convention Committee** and chairing the editorial board of Rotary Italia during 2009-10. A **Benefactor of The Rotary Foundation**, he exemplifies the spirit of giving and global citizenship.

Beyond Rotary, Francesco, along with his wife **Anna Maria Criscione** — an accomplished entrepreneur in the tourism industry — shares a profound love for **art, culture, and music**. Together, they founded the **Ragusa chapter of the Fondo Ambiente Italiano**, dedicated to preserving Italy's artistic and environmental legacy. The couple is blessed with two children.

As he takes the helm of Rotary International, **Francesco Arezzo brings with him a harmonious blend of professional brilliance, cultural stewardship, and humanitarian vision** — truly embodying Rotary's timeless spirit of Service Above Self.



My Dear Rotarians of RI District 3100,

Rotary, indeed, is a glorious movement-rooted in service, fellowship, diversity, integrity, and leadership. Each of us is a proud ambassador of these ideals. And every act of kindness, every initiative, every partnership, brings us one step closer to the world we dream of a world filled with compassion and opportunity.

I extend my warmest greetings to each one of you and convey my heartfelt appreciation to DGE Rtn Nitin Kumar Agarwal and the editorial team of Orion Pulse, the upcoming Governor's Monthly Letter.

A District Governor's communication is more than a newsletter it is a powerful reflection of the energy, commitment, and vibrant spirit of Rotary in action. May it inspire every reader to engage more deeply and lead with purpose.

Let us continue our Rotary journey with pride, with purpose, and with passion. Together, let us elevate Rotary in all aspects, so the world may truly witness and be inspired by how we UNITE FOR GOOD boldly and powerfully.

Wishing you continued success as you inspire, engage, and lead with excellence.

Let's Say YES to Rotary!

Warm Regards,

**Rtn AKS Er Muruganandam M (MMM)**
Rotary International Director 2025-27
#unite for good #sayyestorotary #mmmtrichy



पूछते हो प्रश्न, अँधेरे का पर्वत कैसे हिलेगा?
एक दीपक तो जलाओ – प्रश्न का उत्तर मिलेगा।

प्रिय रोटेरियन बन्धुजन,

एक नवीन रोटरी यात्रा का शुभारम्भ हो चुका है, नव दृष्टि, नव संकल्प और नव चेतना के साथ।

जुलाई केवल एक माह नहीं, ''अग्नि पर्व'' है जब सेवा के दीप प्रज्ज्वलित होते हैं, जब नेतृत्व नवोन्मेष की ज्वाला लेकर आगे बढ़ता है, और जब रोटरी की आत्मा **"Service Above Self"** जीवन्त हो उठती है।

वर्ष 2025–26 का आरआई अध्यक्षीय संदेश **"Unite for Good - अच्छाई के लिए एकजुट हों''** हम सभी के लिए एक दिव्य आह्वान है– एकता में शक्ति है, और यही शक्ति है परिवर्तन की। आज जब विश्व असमंजस, अलगाव और संघर्ष के गर्त में है, रोटरी वह यज्ञ कुण्ड है, जिसमें सेवा, सौहार्द्र और समर्पण की आहुति दी जाती है। यही हमारा धर्म, यही हमारा कर्तव्य है।

टीम ओरायन केवल एक दल नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प का नाम है, एक सजीव दृष्टिकोण है – जिसमें हर सदस्य, हर क्लब, एक तारे की भाँति अपनी ऊर्जा से सेवा के इस आकाश को प्रकाशित कर रहा है। यह वह संचित संकल्प शक्ति है जो दिशा नहीं, दिशा–निर्धारण करती है। हम सब मिलकर एक ऐसा ब्रह्मदीप बनाना चाहते हैं जो पूरे मण्डल को आलोकित कर सके।

रोटरी वर्ष 2025–26 में, हम हर माह एक विशेष मिशन अपनाएंगे– ऐसे कार्य जो सोच की सीमाओं को चुनौती दें, नए विचारों को जन्म दें, और समाज में स्थायी प्रभाव छोड़ें। हमारे यह मासिक मिशन हमारी उड़ान की ऊँचाई, हमारे विचारों की गहराई और हमारी टीम ओरायन के नक्षत्रों की चमक का प्रतीक बनेंगे।

टीम ओरायन की सृजनात्मकता और हमारे महिला संपादकीय मंडल की समर्पित प्रतिभा से सुसज्जित यह प्रथम Governor Monthly Letter हमारे मंडल की सामूहिक चेतना, सेवा भावना और रोटरी मूल्यों की समवेत ध्वनि है – जहाँ क्लब अध्यक्षों की ऊर्जा, सेवा कार्यों की योजनाएँ और रोटरी का संकल्प एक स्वर में प्रतिध्वनित हो रहा है।

आइयेरोटरी के साथ एकजुट हों,और अच्छाई के लिए अग्रसर हों। Let Us Unite for Good.

धनुष से जो छूटता है, बाण कब पथ में ठहरता,
देखते ही देखते वह, लक्ष्य का ही भेद करता।
लक्ष्य प्रेरित बाण हैं हम, ठहरने का काम कैसा?
लक्ष्य पर पहुँचे बिना, पथ में पथिक विश्राम कैसा!

आपका सेवाभावी साथी,
**सीए नितिन कुमार अग्रवाल**
मंडलाध्यक्ष
रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय मण्डल 3100
Team Orion

# Reflections from Orlando :
## A Journey of Unity, Culture, and Lifelong Friendship

***By Preity Agarwal***
*First Lady,*
*Rotary International District 3100*



In February 2025, I had the privilege of representing **Rotary International District 3100** — and indeed, our vibrant nation **India** — at the **Rotary International Assembly** held at the stunning **Rosen Shingle Creek Resort, Orlando, Florida**. The week-long event was more than just a training platform for Governor-Elects; for us spouses, it was a **global celebration of culture, compassion, and connection**.

From the very moment I walked into the grand hall filled with delegates from over 200 countries, I felt the pulse of Rotary's true global heart. Draped in diverse colors, traditions, languages, and smiles — it was an overwhelming **feeling of belonging to one world, one mission**.

The Assembly offered us, the spouses and partners, numerous moments of inspiration: **powerful keynote speeches, thought-provoking sessions**, and **interactive conversations** with Rotary leaders and first ladies from around the globe. Each story shared, each cultural nuance observed, became a learning — not from a book, but from the heart.

One of the most touching moments was witnessing one after another photo of us both featured during the **Closing Session** — An unforgettable experience that filled hearts with pride and gratitude.In that instant, our presence was not just symbolic; **it was recognized, celebrated, and remembered**.

The **fellowship among the spouses** was truly heartwarming. Through the cohort system and informal meet ups, I built friendships that I know will last beyond borders and beyond roles. Whether it was exchanging traditional gifts, decoding conversations via Google Translate, or laughing together during cultural evenings — we found joy in diversity and strength in shared values.

The **cultural showcase night** was an unforgettable celebration of global diversity, heritage, pride, and unity. Dressed in traditional Indian attire, I felt immense joy in representing not just myself, but the spirit of **Indian hospitality, elegance, and warmth**. To be seen, to be embraced, and to contribute to this tapestry of world cultures was a moment I will always cherish.

Most importantly, this Assembly reaffirmed to me that **Rotary is not just my husband's journey; it is ours.** We walk together — hand in hand — in service, in fellowship, and in purpose.

As we return to India with memories etched in our hearts, I carry with me the smiles of new friends, the vision of a united world, and a deeper commitment to Rotary's ideals. Truly, these were **some of the best days of our lives**, and I will treasure them forever.

To every Rotary spouse: **you are a bridge of strength, grace, and silent leadership**. Let's continue to support, inspire, and serve — with joy and with love.

With gratitude and pride,

**Rtn. Preity Agarwal**

First Lady, RID 3100



*Message*
**Dr. Brij Bhushan**
District Learning Facilitator, RID 3100

Dear Rotarians,

It brings me immense joy and pride to extend my heartfelt congratulations to Team Orion on the launch of the inaugural edition of Orion Pulse – the Governor's Monthly Letter of Rotary International District 3100.

This publication is not just a newsletter; it is the collective voice of a vibrant district — a symphony of service, leadership, learning, and innovation. Each word within its pages echoes the passion and purpose with which our clubs are transforming lives and building lasting goodwill.

Team Orion, under the visionary leadership of DG CA Nitin Kumar Agarwal, has set a remarkable tone for the Rotary year 2025-26 — blending tradition with innovation, structure with spirit, and service with storytelling. Orion Pulse is a true reflection of this creative energy.

Let this GML serve not only as a source of information but as a canvas of inspiration — where clubs across the district see their efforts celebrated, ideas exchanged, and fellowship deepened.

Wishing continued success to the editorial team and every Rotarian whose work and voice enrich this journey. May Orion Pulse beat strong through the year, capturing the spirit of Unite for Good.

Warm regards,
**PDG Dr. Brij Bhushan**
District Learning Facilitator
Rotary International District 3100



*Message*
***PDG Rajeev Kumar Rastogi***
Vice-Governor, RID 3100

Dear Rotarians of District 3100,

It brings me great joy to witness the unveiling of the very first issue of *Orion Pulse* — the Governor's Monthly Letter that captures the spirit, vision, and vibrant energy of Team Orion.

This GML is not just a compilation of activities; it is a mirror of the district's collective aspirations and commitment to service. Each page reflects the determination of our leaders, the creativity of our clubs, and the shared pride of being part of Rotary.

District Governor CA Nitin Kumar Agarwal has brought to this Rotary year not only a sense of clarity and purpose but also fresh momentum. *Orion Pulse* beautifully channels that energy — presenting stories of change, innovation, and heartfelt connections that will surely resonate with every reader.

I also wish to acknowledge the dedicated editorial team — whose aesthetic sensibilities and editorial discipline have created a newsletter that is as engaging as it is informative. Your efforts are paving the way for better communication and stronger bonds across the district.

As Vice-Governor, I feel proud to see this initiative take shape with such grace. Let this be a year of meaningful impact, vibrant dialogue, and true fellowship. May *Orion Pulse* continue to echo the heartbeat of District 3100 — bold, compassionate, and united.

Yours in Rotary,
**PDG Rajeev Kumar Rastogi**
Vice-Governor
Rotary International District 3100

# नई सोच, नया जोश – District 3100 में रोटरी का नया प्रभात

वर्ष 2025–26 में मंडलाध्यक्ष सीए नितिन कुमार अग्रवाल के सशक्त नेतृत्व में रोटरी इंटरनेशनल मंडल 3100 एक सृजनात्मक क्रांतिका अनुभव कर रहा है। *Team Orion* के माध्यम से मंडल को मिली है एक नई दिशा, नवीन ऊर्जा और अद्भुत नवाचारों की चमक जो पूरे रोटरी जगत में चर्चा का विषय बन चुके हैं।

***अभी तक कुछ नए प्रयोग और प्रमुख कदम जो पूरे रोटरी जगत में चर्चा का विषय बने –***

- मंडल में प्रथम बार टीम ओरायन के रूप में मंडलीय टीम का नामकरण, आकर्षक ब्रांडिंग और जबरदस्त प्रमोशन
- प्रथम बार क्लबों के छोटे प्रोजेक्ट्स को District Grant के माध्यम से +1000 तक का सहयोग
- प्रथम बार पेट्स–सेट्स मेंआने वाले प्रत्येक क्लब अध्यक्ष को नया अध्यक्षीय कॉलर, MMM, आने वाले RI Director की गरिमामयी उपस्थिति
- प्रथम बार प्रत्येक एक्टिव रोटरी सदस्य के लिए Proud Member का प्लाक
- प्रथम बार सभी क्लबों को OCV के दौरान मंडलाध्यक्ष की ओर से अन्य उपहारों के स्थान पर रोटरी की पहचान Gong & Gavel
- प्रथम बार प्रत्येक नए एक्टिव सदस्य को मंडल की ओर से मेम्बरशिप सर्टिफिकेट और रोटरी पिन
- प्रथम बार GML का सम्पूर्ण महिला एडिटोरियल बोर्ड
- प्रथम बार जुलाई माह में चार्टर होने वाले प्रत्येक इंटरैक्ट क्लब को नया कॉलर और पिन का सेट
- प्रथम बार रोटरेक्ट को 50% ड्यूज का प्रोत्साहन
- मंडल का डिजिटाइजेशन
- 95% क्लब MyRotary पर रजिस्टर
- प्रथम बार पारंपरिक बोन वोयेज का टाउन हाल मीटिंग में रूपांतरण और रोटरी पर सार्थक चर्चा
- मंडलीय कार्यक्रमों में समय बद्धता एव रोटेरियंस की अभूतपूर्व भागीदारी
- सम्पूर्ण वित्तीय पारदर्शिता – प्रत्येक कार्यक्रम का पूरा लेखा जोखा 72 घंटे में सार्वजनिक
- प्रत्येक कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विशेष सत्र
- प्रारम्भ से ही रोटरैक्ट और इंटरैक्ट पर जोर, युवाओं की मंडलीय कार्यक्रमों में उत्साहजनक भागीदारी
- डिस्ट्रिक्ट असेंबली में डिस्ट्रिक्ट बजट की प्रस्तुति
- District Dues में कोई बदलाव नहीं
- रोटरिमय मंडलाध्यक्ष के रोटरी पिन तथा विशेष बनवाये गए रोटरी के कपड़े के सूट और रोटरी ब्रांडिंग वाली कार की सब ओर चर्चा
- अनावश्यक फेंसी नाम वाली पोस्टों में कटौती
- प्रथम बार प्रोटोकॉल और इन्वोकेशन अधिकारी की नियुक्ति
- रोटरी यात्रा का प्रारम्भ माता की चौकी के साथ, AGLS माँ वैष्णो देवी के स्थान कटरा में, पेट्स में श्री हनुमान धाम में संकीर्तन, वर्ष का आरम्भ रुद्राभिषेक और भजन संध्या से
- रोटरी से मतलब सिर्फ रोटरी की बात

***और यह तो सिर्फ एक शुरुआत है......***

Team Orion का हर कदम सेवा, नवाचार और संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में है। भविष्य में District 3100 बनेगा रोटरी कारोल मॉडल मंडल – जहाँ बात होगी सिर्फ रोटरी की, और लक्ष्य होगा सिर्फ सेवा का।

**आपके साथ.....**
**टीम ओरायन**

***Unite for Good | Serve with Heart | Shine with Orion***

# UNITE FOR GOOD – रोटरी का सार

*ऋतु अग्रवाल, सह–सम्पादक*

रोटरी वर्ष 2025–26 के लिए वार्षिक आरआई अध्यक्षीय संदेश **"Unite for Good" – "अच्छाई के लिए एकजुट हों"** न केवल भावना में बल्कि दृष्टिकोण में भी गहरा अर्थ और महत्व रखता है। यह संदेश रोटरी के मूल उद्देश्य और उसकी आत्मा को अत्यंत सुंदरता से अभिव्यक्त करता है। रोटरी की वेबसाइट के आरंभिक पृष्ठ पर लिखा है –

**"We Are People of Action" –** 1.2 मिलियन से अधिक पड़ोसियों, मित्रों और नेताओं का एक वैश्विक नेटवर्क, जो सामुदायिक आवश्यकताओं को पूरा करने और जटिल समस्याओं को हल करने के लिए अपने कौशल और संसाधनों को साझा करता है।

रोटरी वर्ष 2025–26 के लिए वार्षिक आरआई अध्यक्षीय संदेश फ्लोरिडा में आयोजित इंटरनेशनल असेंबली के दौरान RIPE मारियो डे कैमर्गो द्वारा प्रस्तुत किया गया, जहाँ उन्होंने रोटरी सदस्यों को विकास, सेवा और जुड़ाव को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा रोटरी की सबसे बड़ी संपत्ति उसका इतिहास, परियोजनाएँ या वैश्विक पहुँच नहीं है, बल्कि उसके सदस्य हैं। विकास के तीन आधार स्तंभ उन्होंने रेखांकित किए नवाचार, निरंतरता और भागीदारी। उन्होंने कहा कि रोटरी के सदस्य व्यक्तिगत रूप से असाधारण कार्य कर सकते हैं, लेकिन जब वे एकजुट होते हैं, तो दुनिया बदलने की ताकत रखते हैं।

### साझेदारी का सामर्थ्य :

पोलियो उन्मूलन अभियान इसका सजीव उदाहरण है, जिसमें गेट्स फाउंडेशन, WHO और UNICEF जैसे साझेदारों के साथ मिलकर रोटरी ने दुनिया को एक नई दिशा दी। ऐसी भागीदारियों के बिना यह संभव नहीं था। उन्होंने रोटरी क्लबों को प्रेरित किया कि वे व्यावसायिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य पेशेवर निकायों से साझेदारी कर रोटरी की विविधता को समृद्ध करें और नए सदस्यों को आकर्षित करें।

### रोटरी : विविधता में एकता

रोटरी की शक्ति हमेशा उसकी विविधता में निहित रही है – अलग–अलग व्यवसायों, विचारों, संस्कृतियों और उम्र के सदस्य, जब एक मंच पर आते हैं, तो वे एक ऐसी शक्ति बन जाते हैं जो परिवर्तन ला सकती है। "Unite for Good" हमें याद दिलाता है कि जब हम अपने मतभेदों को अपनाकर एकजुट होते हैं, तो वे हमारी कमजोरी नहीं बल्कि हमारी ताकत बन जाते हैं।

### सेवा की सामूहिक शक्ति



पोलियो जैसे अभियानों से लेकर प्राकृतिक आपदाओं में राहत कार्य तक, रोटरी की सबसे बड़ी उपलब्धियाँ सामूहिक प्रयासों का परिणाम रही हैं। यह थीम क्लबों से आह्वान करती है कि वे एक–दूसरे से जुड़ें, समुदायों के साथ गहरा सहयोग करें और दीर्घकालिक साझेदारियाँ स्थापित करें।

### स्थायी परिवर्तन के लिए एकजुट हों

रोटरी का उद्देश्य केवल तात्कालिक सहायता नहीं है, बल्कि स्थायी और समावेशी बदलाव लाना है। जब हम जल, शिक्षा, पर्यावरण और शांति जैसे विषयों पर संगठित होते हैं, तो हम आने वाली पीढ़ियों के लिए आशा और अवसर की बुनियाद रखते हैं।

### दिल से उठता आह्वान

"Unite for Good" एक नारा नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों – करुणा, सहानुभूति और उदारता का आह्वान है। यह हम सभी रोटेरियन को एक आंदोलन का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित करता है – ऐसा आंदोलन जो दुनिया को एक बेहतर स्थान बनाने के लिए समर्पित है।

### नेतृत्व में परिवर्तन, पर उद्देश्य अडिग

दुर्भाग्यवश, RIPE मारियो डे कैमर्गो को व्यक्तिगत कारणों से अपना पद छोड़ना पड़ा। यह रोटरी समुदाय के लिए एक अप्रत्याशित समाचार था। लेकिन रोटरी की खूबसूरती यही है– व्यक्ति भले ही बदल जाएँ, संदेश और उद्देश्य अडिग रहते हैं। रोटरी इंटरनेशनल बोर्ड द्वारा नियमों के अनुसार इटली के Rtn. Francesco Arezzo RI President 2025-26 नामित किया गया। लेकिन अध्यक्षीय सन्देश वही बना रहा **"Unite for Good" "अच्छाई के लिए एकजुट हों"।**

### आइए आगे बढ़ें...

इस सन्देश को हम सिर्फ एक वर्ष के लिए नहीं, बल्कि हर दिन के लिए अपनाएँ जब हम रोटरी पिन पहनें।

नेतृत्व करें एकता के साथ। सेवा करें – प्रेम से। और स्वयं को समर्पित करें अच्छाई के लिए एकजुट होने के लिए।



# ओरायन अध्यक्ष : एक परिचय

*संकलन – सुमन चौधरी, सह–सम्पादक*



**1. रो० तनु अग्रवाल,** अध्यक्ष – रोटरी क्लब मेरठ शिवम्, वर्ष 2018 में रोटरी से जुड़ीं और तभी से सेवा, सौहार्द्र और फैलोशिप को जीवन का हिस्सा बना लिया। उनका मानना है कि रोटरी ने उन्हें समाज में एक नई पहचान और विशेष सम्मान दिलाया। वर्ष 2025–26 में क्लब अध्यक्ष के रूप में वे रोटरी की जन–जागरूकता को प्राथमिकता देना चाहती हैं ताकि अधिक लोग इससे जुड़ें और समाज में सार्थक योगदान दें। उनका जन्म 15 मार्च 1981 को हुआ और वर्ष 2003 में उनका विवाह श्री अमित अग्रवाल से हुआ। वे व्यापार क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं और मेरठ में निवास करती हैं।



**2. रो० प्रेम प्रकाश अरोरा,** अध्यक्ष – रोटरी क्लब खुर्जा सिटी, का रोटरी से जुड़ाव वर्ष 1988 में रोट्रैक्ट सदस्य के रूप में हुआ। सेवा और नेतृत्व में रुचि के चलते वे मंडल में DRR (1995–96) समेत कई पदों पर रहे। उन्होंने मंडल स्तर पर अनेक उच्च स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए हैं। वे PHF+6 रोटेरियन हैं और अनेक सामाजिक संस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनका जन्म 1967 में हुआ, शिक्षा में उन्होंने B.Com. (Hons) LLB और MBA (Hospital Management) किया। वर्तमान में वे कैलाश हॉस्पिटल, खुर्जा के एडमिनिस्ट्रेटर हैं। 1999 में उनका विवाह श्रीमती कल्पना अरोरा से हुआ और उनके दो पुत्र अक्षय और आर्यन हैं।



**3. रो0 रजत गुप्ता,** अध्यक्ष – रोटरी क्लब शामली स्टार, वर्ष 2005 से रोटरी से जुड़े हैं और सेवा को जीवन का उद्देश्य मानते हैं। रोटरी ने उन्हें समाज में पहचान और प्रतिष्ठा दिलाई। वर्ष 2025–26 में अध्यक्ष के रूप में उनका उद्देश्य है कि अधिक से अधिक युवा रोटरी से जुड़ें और एक नया रोट्रैक्ट क्लब स्थापित हो। उनका जन्म 18 जून 1980 को हुआ और वर्ष 2004 में उनका विवाह श्रीमती अनिता गर्ग से हुआ। वे व्यापार से जुड़े हैं और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं।



**4. रो0 तनुज गुप्ता,** अध्यक्ष – रोटरी क्लब साकेत मेरठ, मेरठ में जन्मे और पले–बढ़े एक सफल उद्योगपति हैं। सेंट मैरीज अकादमी से शिक्षा प्राप्त कर उन्होंने इंजीनियरिंग और MBA की पढ़ाई पूरी की। 2001 में पारिवारिक व्यवसाय से जुड़े और प्रीकास्ट कंक्रीट, मेटल और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों में विविधीकरण करते हुए "NUTECH" ब्रांड को स्थापित किया। वे इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (IIA), मेरठ चैप्टर के चेयरमैन हैं और समाज सेवा में विशेष रुचि रखते हैं। रोटरी के माध्यम से वे सेवा और उद्योग के क्षेत्र में प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं।



**5. रो0 वंदना अग्रवाल,** अध्यक्ष – रोटरी क्लब चंदौसी रॉयल्स, ने वर्ष 2014 में रोटरी क्लब चंदौसी सिटी स्टार से जुड़कर सेवा की शुरुआत की। वर्ष 2017 से वे चंदौसी रॉयल्स की सक्रिय सदस्य हैं और वर्ष 2023–24 में वे सचिव पद पर कार्य कर चुकी हैं। अब अध्यक्ष के रूप में वे रोटरी को शहर के विकास व सामुदायिक सेवा का माध्यम बनाना चाहती हैं। वे पोस्ट ग्रेजुएट हैं और उनका अपना व्यवसाय है। उनके पति श्री नितिन अग्रवाल, बरेली फर्नीचर हाउस के स्वामी हैं। वंदना जी का मानना है कि रोटरी केवल सेवा का मंच नहीं, बल्कि वैश्विक मित्रता और एकजुटता का प्रतीक भी है।



**6. रो० डॉ. तीर सिंह सिरोही,** अध्यक्ष – रोटरी क्लब हसनपुर आस्था, एक वरिष्ठ चिकित्सक हैं और हसनपुर में निवास करते हैं। वे पर्यटन और पठन–पाठन के शौकीन हैं और समाज सेवा के प्रति गहरी रुचि रखते हैं। उनका जन्म 4 दिसंबर 1958 को हुआ और उनकी पत्नी श्रीमती जया सिरोही हैं। रोटरी से उन्हें समान विचारधारा वाले लोगों से जुड़ने का अवसर मिला और वे इसे सामाजिक सेवा का सशक्त मंच मानते हैं। वे भविष्य में रोटरी के उद्देश्यों को विस्तार देने और सेवा कार्यों को प्रभावशाली बनाने के लिए समर्पित हैं।



**7. रो0 ऋषि ऐरन,** अध्यक्ष – रोटरी क्लब कोटद्वार, वर्ष 2015 से रोटरी के सक्रिय सदस्य हैं और चिकित्सा, शिक्षा व महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। उनका उद्देश्य समाज में स्थायी परिवर्तन लाना है, विशेषकर स्कूलों में कंप्यूटर, वाटर कूलर, सैनिटरी नैपकिन मशीनें, रक्तदान और चिकित्सा शिविरों के माध्यम से। उनका जन्म 24 अप्रैल 1977 को हुआ और उन्होंने वर्ष 2002 में श्रीमती अंजू ऐरन से विवाह किया। उनकी दो पुत्रियाँ हैं – रिमझिम और कृति। वे रोटरी को जीवन का एक मिशन मानते हैं।



**8. रो० नवीन कुमार,** अध्यक्ष – रोटरी क्लब हल्दौर, एक अनुभवी व समर्पित रोटेरियन हैं, जो सिविल एडवोकेट के रूप में पेशे से जुड़े हुए हैं। उनका रोटरी से जुड़ाव जून 1999 से है, और तब से उन्होंने क्लब में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई हैं। उनका जन्म 27 दिसंबर 1970को हुआ और उनका विवाह 08 दिसंबर 1993 को श्रीमती पूनम चौहान से हुआ। उनके दो पुत्र हैं – निशांत देवरा, जो इंडस्ट्रीज प्रा. लि. में डेवलपमेंट मैनेजर हैं, तथा हिमांक देवरा, जो बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) के छात्र हैं। उनका मानना है कि रोटरी से जुड़कर उन्हें न केवल समाज सेवा का अवसर मिला, बल्कि उनका सामाजिक दायरा भी बढ़ा। क्लब व मंडल 3100 के माध्यम से उन्हें नए–नए क्षेत्रों से जुड़े प्रेरणादायक व्यक्तित्वों से मिलने का अवसर मिला, जिससे उनके ज्ञान और दृष्टिकोण में भी वृद्धि हुई। वे यह भी स्वीकारते हैं कि रोटरी की फेलोशिप ने उनके वकालत के पेशे में नई ऊँचाइयाँ जोड़ी हैं।



# KNOW YOUR DISTRICT OFFICERS

*संकलन – ऋचा सिंह राणा, सह–सम्पादक*

### रो० अर्पण गुप्ता – रीजनल कोऑर्डिनेटर



रोटेरियन अर्पण गुप्ता, जन्म 23 जुलाई 1985, हसनपुर के प्रतिष्ठित व शिक्षित कृषक परिवार से हैं। उन्होंने 2019 मेंरोटरी क्लब हसनपुर से जुड़कर सेवा का मार्ग चुना। वे सचिव (2022–23) और अध्यक्ष (2023–24) रहे, जिसमें क्लब की सदस्यता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। उन्हें गोल्डन सेक्रेटरी व क्लब को सिल्वर क्लब अवार्ड प्राप्त हुआ। 2024–25 में असिस्टेंट गवर्नर और 2025–26 में टीम ओरायन के रीजनल कोऑर्डिनेटर (अमरोहा–हसनपुर) हैं। वे पॉल हैरिस फेलो हैं और सभी मंडलीय कार्यक्रमों में सक्रिय रहते हैं।

शिक्षा में उन्होंने बी.टेक. (इलेक्ट्रॉनिक्स) और एमबीए (मार्केटिंग) किया है। साथ ही IIT दिल्ली से प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, नेटवर्किंग (CISCO), वायरलेस टेक्नोलॉजी, ज्योतिष और अंकशास्त्र में डिप्लोमा प्राप्त हैं। रिलायंस, इंडस टावर्स आदि में 10 वर्षों तक कार्य कर चुके हैं। वर्तमान में वेरियल एस्टेट व्यवसायऔर व्यावसायिक ज्योतिषी के रूप में सक्रिय हैं।

उनकी पत्नि श्रीमति दिव्या रस्तोगी (MBA, B.Ed) लखनऊ से हैं। पिता श्री अरविंद गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता और माता श्रीमति ज्योत्सना गुप्ता धार्मिक गृहिणी हैं। दो बहनें कल्पना व प्रियंका सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं।

वे बीजेपी आईटी सेल संयोजक (हसनपुर), उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला संयोजक और धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हैं। उन्हें शतरंज, क्रिकेट, पठन–पाठन, तकनीकी ज्ञान, खाना बनाना, संगीत व यात्रा का शौक है।

### रो० रणवीर अग्रवाल – असिस्टेंट गवर्नर



रो० रणवीर अग्रवाल, मंडल 3100 के सबसे सक्रिय रोटेरियनों में से एक हैं। सौम्य, विनम्र और जमीन से जुड़े रणवीर जी समाज सेवा के क्षेत्र में एक अनमोल रत्न हैं। धनबाद में जन्मे रणवीर जी ने De Nobili School, St-Francis College, लखनऊ और पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से शिक्षा प्राप्त की। 1984 में उन्होंने CMPDIL, रांची की तकनीकी सहायता से कोक और कोल टार निर्माण इकाई स्थापित की, और 2004 में मुरादाबाद में पेट्रोल पंप का संचालन शुरू किया।

पिता जी की प्रेरणा से उन्होंने 1988 में मात्र 24 वर्ष की उम्र में रोटरी से जुड़ाव शुरू किया और 1992 में रोटरी क्लब मुरादाबाद के अध्यक्ष बने। 2018 में उन्होंने रोटरी क्लब मुरादाबाद मिड टाउन जॉइन किया और डीजी सीए नितिन कुमार अग्रवाल के नेतृत्व से प्रेरित होकर टीम ओरायन से जुड़े।

उन्हें St- Francis का Best Boy Award, पंजाब यूनिवर्सिटी का Best Resident Award और Best President व Best Club Award से सम्मानित किया गया है। उनकी पत्नी श्रीमति योगिता जी एक रोटेरियन हैं और शास्त्रीय नृत्य व संगीत में पारंगत हैं। आप सद्‌गुणों, मित्रता और टीम वर्क में दृढ़ विश्वास रखते हैं और अपनी उपलब्धियों को ईश्वर का आशीर्वाद मानते हैं।

### रो० अनुभव रस्तोगी– असिस्टेंट गवर्नर



आर्किटेक्ट अनुभव रस्तोगी, बी.आर्क एवं एम.आर्क (जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली) एक अनुभवी और दृष्टिवान वास्तुकार हैं। उन्हें वास्तुकला, इंटीरियर डिजाइन, वैल्यूएशन और टर्नकी प्रोजेक्ट्स में बहुआयामी अनुभव है। उनकी सोच व्यावहारिक, सामाजिक दृष्टि से प्रभावी और नवोन्मेष पूर्ण है।

वे मुरादाबाद के निवासी हैं और प्रसिद्ध जौहरी श्री मनोज रस्तोगी व श्रीमती सुषमा रस्तोगी जी के पुत्र हैं। माता–पिता दोनों पूर्व रोटेरियन रहे हैं, जिनसे प्रेरणा लेकर अनुभव जी ने 2018 में रोटरी ज्वॉइन की। उन्होंने 2023–24 में रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्राससिटी स्टार्स के अध्यक्ष के रूप में उत्कृष्ट नेतृत्व दिया और 2025–26 के लिए असिस्टेंट गवर्नर नामित हैं। वे पॉल हैरिस फेलो (PHF) हैं और रोटरी के उद्देश्यों के लिए सदैव समर्पित हैं।

उनकी पत्नी आर्किटेक्ट रूही खन्ना भी एक प्रतिष्ठित इंटीरियर डिजाइनर हैं और रोटरी व सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहती हैं। उनका चार वर्षीय पुत्र आरव रस्तोगी उनके जीवन की प्रेरणा है।

अनुभव जी संगीत, तैराकी व वक्तृत्व में रुचि रखते हैं। वे टीमवर्क, प्लानिंग व सेवा के आदर्शों में विश्वास रखते हैं और रोटरी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिए हैं।

### रो० निखिल अग्रवाल– असिस्टेंट गवर्नर



रो० निखिल अग्रवाल का जन्म उत्तर प्रदेश के चंदौसी में एक व्यवसायी परिवार में हुआ। नई चीजें सीखने की रुचि ने उन्हें 2017 में रोटरी रॉयल्स चंदौसी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। वे संस्थापक सदस्य, सचिव (2021–22) और अध्यक्ष (2024–25) रहे। उनके अध्यक्षीय वर्ष में क्लब ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की – जल संरक्षण पर आधारित सामाजिक संदेश वाली फिल्म ''आखिरी बूंद'' का निर्माण, जिसमें क्लब सदस्य ही मुख्य भूमिकाओं में थे।

वह 2025–26 के लिए टीम ओरायन में सहायक गवर्नर नामित हैं। उन्होंने आर.आर.के. स्कूल, एस.एम. कॉलेज चंदौसी, मॉडर्न लॉ कॉलेज से कानून की पढ़ाई और सिंबायोसिस, पुणे से एमबीए किया है। वे Nikhil Traders, चंदौसी में पारिवारिक व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले गए और MP Birla Cement से 2019 से लगातार नं.–1 विक्रेता का पुरस्कार प्राप्त किया।

उनकी पत्नी श्रीमति निकिता अग्रवाल (M.Com., B.Ed.) शिक्षित और सहायक जीवन संगिनी हैं। निखिल जी का जीवन मंत्र है – **''आपकी मुस्कान आपका लोगो है, और आपकी छाप ही आपकी पहचान।''**

वे समर्पण के साथ रोटरी के उद्देश्यों को आगे बढ़ा रहे हैं।

# शुभ आरंभ : माता की चौकी

11 मार्च 2023, मुरादाबाद

जैसे ही सीए नितिन कुमार अग्रवाल जी को रोटरी इंटरनेशनल मंडल 3100 का मंडलाध्यक्ष निर्वाचित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, उन्होंने इस सेवा यात्रा की शुरुआत मां भगवती के श्रीचरणों में नमन कर की। मुरादाबाद में आयोजित भव्य 'माता की चौकी' केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि श्रद्धा, सेवा और एकता का दिव्य संगम बन गई। यह आयोजन ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और आगामी रोटरी वर्ष की सफलता हेतु आशीर्वाद प्राप्त करने का एक पवित्र संकल्प था।

इस कार्यक्रम में पूरे मंडल से रोटेरियन साथियों और उनके परिवारों की सक्रिय एवं हर्षित सहभागिता रही। माता रानी के भजनों, दीपों की ज्योति और सामूहिक भक्ति के वातावरण ने इसे Team Orion की आध्यात्मिक यात्रा का एक सार्थक शुभारंभ बना दिया।








# स्वागत समारोह : मेरठ

मंडलाध्यक्ष निर्वाचित होने के उपरांत, रो० सीए नितिन कुमार अग्रवाल के सम्मान में मेरठ में एक भव्य फेलिसिटेशन समारोह का आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन मंडलीय लर्निंग फैसिलिटेटर डॉ. बृज भूषण जी द्वारा किया गया, जो स्वयं एक प्रेरक लीडर और प्रेरणा स्रोत हैं।

इस गरिमामयी अवसर पर मंडल के वरिष्ठ रोटेरियन्स, पास्ट गवर्नर्स, लीडर्स और क्लब प्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में न केवल सम्मान हुआ, बल्कि दिशा और दृष्टि पर संवाद भी हुआ – जिससे 'टीम ओरायन' की भावी कार्ययोजना की रूपरेखा और अधिक प्रभावी बनी। यह समारोह न केवल एक स्वागत था, बल्कि रोटरी नेतृत्व में सहयोग और एकता का सशक्त संदेश भी।



# THE RISE OF ORION

5 अक्टूबर 2024, मुरादाबाद

Team Orion की औपचारिक यात्रा का शुभारंभ हुआ "The Rise of Orion" कार्यक्रम के माध्यम से, जिसका आयोजन 5 अक्टूबर 2024 को मुरादाबाद में हुआ। इस विशेष अवसर पर मंडलाध्यक्ष सीए नितिन कुमार अग्रवाल ने वर्ष 2025–26 के क्लब अध्यक्षों, सहायक मंडलाध्यक्षों, और क्षेत्रीय समन्वयकों का भव्य स्वागत एवं परिचय सत्र आयोजित किया।

यह केवल एक परिचय बैठक नहीं थी, बल्कि दृष्टिकोण, नेतृत्व और संकल्प की उद्घोषणा थी। कार्यक्रम में Team Orion का विजन, कार्य प्रणाली, और भावना को साझा किया गया।

The Rise of Orion ने यह स्पष्ट किया कि यह टीम केवल संगठनात्मक ढांचे का समूह नहीं, बल्कि सेवा, सहयोग और समर्पण की एक सशक्त शक्ति है – जो रोटरी को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए संकल्पबद्ध है।



# ORION RISING : DIVINE LEADERSHIP SUMMIT ASSISTANT GOVERNOR LEARNING SEMINAR

**24–25 नवम्बर 2024। कटरा, जम्मू–कश्मीर**

रोटरी इतिहास में पहली बार, Assistant Governors का प्रशिक्षण सेमिनार माता वैष्णों देवी के पावन चरणों में स्थित शानदार 'Katra Marriott Resort में आयोजित हुआ। यह आयोजन न केवल ज्ञानवर्धन का अवसर था, बल्कि आस्था, नेतृत्व और रोटरी मूल्यों का दिव्य संगम भी बना।

कार्यक्रम में मंडल के साथ–साथ देशभर से सुप्रसिद्ध रोटरी वक्ताओं ने सहभागिता की – जिनमें सी.एम. बेंद्रे (ठाणे), सुधीन्द्र मोहन शर्मा (इंदौर) तथा विशिष्ट अतिथि रोहित ओबेरॉय (DGE, RID 3090) प्रमुख रहे। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और भी बढ़ा दिया।

